पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

20 जनपदों में कुल 32 प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र हेतु आवेदन 01 अप्रैल से

लखनऊ : 19 मार्च, 2026

परिवहन विभाग द्वारा योग्य चालक मुहैया कराने के दृष्टिगत प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना एवं रखरखाव हेतु पारदर्शितापूर्ण पर्यवेक्षण हेतु पोर्टल का विकास किया गया है। विकसित पोर्टल https://uptransport.upsdc.gov.in पर आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किये जायेगे। आवेदकों के आवेदन प्रपत्र समस्त वांछित अभिलेखों के साथ उक्त पोर्टल पर स्वीकार किये जायेगे।

अध्यक्ष, राज्य परिवहन प्राधिकरण उ0प्र0 श्रीमती किंजल सिंह ने बताया कि इच्छुक एवं अर्ह आवेदक चालन प्रशिक्षण केन्द्र की अर्हता व अन्य शर्तों के क्रम में अपना आवेदन विकसित किये गये पोर्टल पर 01 अप्रैल, 2026 को अपराह्न 12 बजे से प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 20 जनपदों में कुल 32 रिक्तियां हैं। जनपद बलिया में रिक्तियों की संख्या 04, कानपुर नगर, बदायू में 03–03, महराजगंज, लखीमपुरखीरी, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, बलरामपुर में 02–02 एवं रामपुर, हरदोई, फिरोजाबाद, अम्बेडकरनगर, कुशीनगर, बहराइच, फर्रूखाबाद, चन्दौली, फतेहपुर, महोबा, चित्रकूट, श्रावस्ती में 01–01 रिक्तियां हैं।

सम्पर्क सूत्र– आशीष सिंह

राघवेन्द्र / 04:40 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in